II Jai Sri Gurudev II

Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

**वार्षिक परीक्षा (2025-26)**

**हिंदी मॉक टेस्ट पेपर**

**विषय : हिंदी** **कक्षा** : **IV** **कुल अंक** : **60 अंक**

**छात्र का नाम** : ______________________________ **अवधि : 2 घंटे 30 मिनट**

**दिनांक :24/02 /26**

---

**सामान्य निर्देश -**

- प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- प्रश्नपत्र **खंड क, ख, ग, घ** में विभाजित है।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खंड क (अपठित गद्यांश/पद्यांश) (12 अंक)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (6 अंक)**

दो भाई एक अनुभवी ज्योतिषी के पास गए। उसने छोटे भाई से कहा, "तुम जल्दी ही राजा बनने वाले हो। "बड़े भाई से उसने कहा, "सावधान रहना। कोई बड़ी मुसीबत आने वाली है।" एक खुश हुआ, दूसरा उदास हो गया। बड़े भाई ने सोचा कि क्यों न मैं सावधान रहूँ। वह पूरी तरह जागरूक हो गया। छोटे भाई ने सोचा, "अब चिंता की क्या बात है। राजगद्दी तो मिलने ही वाली है।" उसने बुरे कामों में धन लुटाना शुरू कर दिया और पूरा दिन नशे में रहने लगा। अचानक उस राज्य के राजा के पुत्र की मृत्यु हो गई। उसका कोई वारिस नहीं था। राजा ने मुनादी करवाई कि वह योग्य उत्तराधिकारी की परीक्षा लेगा। दोनों भाई भी परीक्षा में शामिल हुए। बड़ा भाई उत्तीर्ण हो गया तो छोटे को यह बात बड़ी अजीब लगी। वह भागा-भागा ज्योतिषी के पास आया। उसने कहा, "आपने उलटी बात बता दी है' ज्योतिषी के कहा, "मैंने उलटी बात नहीं बताई थी। ठीक बताई थी। मुझे बताओ कि मेरी भविष्यवाणी के बाद तुम दोनों ने क्या-क्या किया?" उसने अपनी और बड़े भाई दोनों की कहानी सुनाई। ज्योतिषी ने कहा, "तुमने बुरा आचरण किया। तुम्हारे बड़े भाई पर विपत्ति आने वाली थी, किंतु उसने अच्छा आचरण किया तो विपत्ति समाप्त हो गई, और उसने राजा का पद प्राप्त किया। जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। भाग्य उन्हीं का साथ देता है जो अच्छे कार्य करते हैं।"

(क) दोनों भाई किसके पास गए थे?
(ख) ज्योतिषी ने छोटे भाई से क्या कहा?
(ग) बड़े भाई ने भविष्यवाणी सुनकर क्या किया?
(घ) छोटे भाई ने भविष्यवाणी सुनकर क्या किया?
(ङ) अंत में राजा कौन बना और क्यों?

(च) **बड़े भाई से उसने कहा, "सावधान रहना।“** वाक्य में कौन -कौन से चिन्हो का प्रयोग हुआ है?

**प्रश्न 2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(6 अंक)**

ऊँचे पर्वत, नीला अम्बर,
सूरज देता नया प्रकाश ।
मेहनत से ही मिलती सफलता,
यह प्रकृति का सच्चा विश्वास।

नदी निरंतर बहती रहती,
रुकना उसको कभी न भाए।
संकट चाहे जितने आएँ,
हिम्मत वाला आगे जाए।

पेड़ हमें यह पाठ पढ़ाते,
देते छाया, फल और फूल।
निःस्वार्थ सेवा जो करता,
वह जीवन में होता कूल।

(क) प्रकृति का सच्चा विश्वास क्या है?

(ख) नदी का स्वभाव कैसा बताया गया है?

(ग) संकट आने पर कौन आगे बढ़ता है?

(घ) पेड़ हमें क्या-क्या देते हैं?

(ङ) निःस्वार्थ सेवा करने वाला व्यक्ति कैसा होता है?

(च) इस पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

## खंड ख (व्याकरण) (20 अंक)

**प्रश्न 3. बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (√) का निशान लगाएँ:-** **(3 अंक)**

(क) क्रिया के कितने भेद होते हैं

i) एक ii) दो iii) तीन

(ख) दो शब्दों को जोड़ने के लिए __________ चिह्न लगाते हैं

i) उद्धरण चिह्न ii) योजक चिह्न iii) विस्मादिबोधक चिह्न

(ग) '**सलोनी पाठ याद कर रही है। '** इस वाक्य में क्रिया शब्द कौन-सा है ?

i) पाठ ii) याद iii) सलोनी

**प्रश्न 4.रेखांकित शब्दों के विशेषण के भेद लिखिए: –** **(2अंक)**

(क) **वह** कार मेरी है। ____________________

(ख) मेरे **दो** दाँत टूट गए। ____________________

(ग) आप बाज़ार से **थोड़ा** सा गाजर का हलवा के आइए। ____________________

(घ) विराट ने **शानदार** शतक लगाया। ____________________

**प्रश्न 5.दिए गए वाक्यों में क्रिया के भेद लिखिए : (सकर्मक / अकर्मक)** **(3अंक)**

(क) बच्चा जाग गया है। ____________________

(ख) बच्चा सोता है। ____________________

(ग) सीमा पत्र लिखती है। ____________________

**प्रश्न 6. नीचे दिए वाक्यों के काल का भेद बताइए:–** **(3 अंक)**

(क) मोहन ने आम खाया। ____________________

(ख) मैं कल बाज़ार जाऊँगा। ____________________

(ग) रीना स्कूल जाती है। ____________________

**प्रश्न 7. नीचे दिए गए वाक्यों को सही विराम चिह्न से पूरा कीजिए।** **(2अंक)**

(क) समीर बाजार से दूध ब्रेड फल और सब्जी लाया

________________________________________________________________________________

(ख) वाह कितना सुन्दर दृश्य है

________________________________________________________________________________

**प्रश्न 8. नीचे दिए गए शब्दों के दो अनेकार्थी शब्द लिखिए।** **(3अंक)**

(क) घट - ________________ ____________________

(ख) सूत - ________________ ____________________

(ग) नाग- ________________ ____________________

**प्रश्न 9. दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :-** **(2 अंक)**

(क) आँखों में धूल झोंकना
अर्थ - ________________ वाक्य - ____________________________________

(ख) हवा से बातें करना-
अर्थ - ________________ वाक्य - ____________________________________

**खंड ग ( रचनात्मक लेखन)** **(10 अंक )**

**प्रश्न 10. प्रधानाचार्य को विद्यालय में पेड़ लगाने के कार्यक्रम की अनुमति हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए-** **(5 अंक)**

**अथवा**

**अपने बड़े भाई/बहन को परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए-**

**प्रश्न 11. दो मित्रों के बीच पर्यावरण बचाने पर बातचीत का संवाद लिखिए:-** **(5 अंक)**

**अथवा**

**दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर कहानी लिखिए: -**

**संकेत:** मेहनती किसान — सूखा — निराशा नहीं — कड़ी मेहनत — अच्छी फसल — सफलता- शिक्षा

**खंड घ ( साहित्य)** **(18 अंक)**

**प्रश्न 12. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** **(5 अंक)**

**(बच्चे बैठते हैं। मास्टर जी किताब हाथ में लेकर पढ़ा रहे हैं, समीर के पिता जी आते हैं।)**
**पिता जी : नमस्ते मास्टर जी, क्या हुआ आपने मुझे क्यों बुलाया ?**
**मास्टर जी : अरे, तुम्हारा लड़का बिगड़ रहा है। उसको सँभालो, वरना किसी दिन मुसीबत में फँस जाओगे। यह देखो मैं कल गिर पड़ा। तुम्हारा लड़का कहीं से यह रबड़ का बिच्छू ले आया और सबको डराकर भाग गया।**
**पिता जी : आए, तो मास्टर जी उसको मारो ! पीटो ! पर सुधारो।**
**मास्टर जी : क्या सुधारो ! उसका पढ़ाई में मन लगता नहीं है, आवारा है, स्कूल से हटाकर काम-धंधे में लगाओ।**
**पिता जी : मास्टर साहब, मैं दिनभर बाहर जाकर मजदूरी करता हूँ। उसकी माँ खेत में काम करती है। स्कूल में खाने को मिलता है, मुफ़्त की किताबें, कापियाँ मिलती हैं। पढ़-लिख जाता तो आपके जैसा मास्टर बन जाता, जिंदगी सुधर जाती। मैं उसको समझाऊँगा आप स्कूल से मत निकालिए।**
**मास्टर जी : ठीक है, आज छोड़ देता हूँ पर आगे से शिकायत नहीं आनी चाहिए।**

(क) मास्टर जी ने समीर के बारे में क्या शिकायत की?

(ख) मास्टर जी ने अंत में क्या निर्णय लिया?

(ग) समीर की शरारत के पीछे क्या कारण हो सकते हैं?

(घ) समीर को अपने व्यवहार में कौन-सा बदलाव लाना चाहिए?

(ङ) इस संवाद से आपको क्या सीख मिलती है?

**प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:** **(2 अंक)**

(क) प्रभावित - __________ (ख) दुरुस्त - ___________

**प्रश्न 14. किसने कहा** ? **किससे कहा** ? **बताइए** - **(2 अंक)**

(क) **“** यह तो बहुत खुशी की बात है, यह तो एक चमत्कार हो गया?
(ख) “ क्या तुम नहीं जानना चाहोगे कि इसमें तुम्हारा नाम है या नहीं ”।

**प्रश्न 15**. **नीचे लिखे सही वाक्य पर**  **और गलत वाक्य पर**  **का चिन्ह लगाइए**:- **(2 अंक)**

(क) दिनभर सूरज किरणें, धूप और गरमाहट बाँटता रहता है। (................)
(ख) जगदीशचंद्र बसु का कलकत्ता में जन्म हुआ था। (................)

**प्रश्न 16. खाली स्थान भरिए:** **(2 अंक)**
(क) ____________ कि शोभा होते हैं – चमकता सूरज , शीतल चाँदनी और टिम – टिम तारे ।
(ख) “मास्टर जी , इसको मारो ! पीटो ! पर _____________ ।”

**प्रश्न 17 एक शब्द में उत्तर दो:** **(3 अंक)**
(क) नारद जी कौन थे ?
(ख)पहले ________ की झाड़ू से घाना अँधेरा तुमने झाड़ा। **(रिक्त स्थान की पूर्ति करें)**
(ग) गेंद कहाँ अटक गई थी ?

**प्रश्न 18. प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **(2 अंक)**
(क) कैसे पता चलता है कि जगदीश चन्द्र बसु सच्चे देशभक्तथे ?
(ख) समीर कैसा छात्र था बताइए। क्या आप समीर जैसा बनाना चाहेंगे कारण बताएँ?